# मिड-डे मील में निकला कीड़ा!

**सिवनी नवभारत। जिले के प्राथमिक शाला कामता में शासकीय मध्याह्न भोजन योजना की एक गंभीर लापरवाही सामने आई है। स्कूल में कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को परोसे गए मिड-डे मील में इल्ली मिलने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद से ही ग्रामीणों और अभिभावकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।**

### ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप







प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्राथमिक शाला कामता में मध्याह्न भोजन वितरण का कार्य रागिनी स्व-सहायता समूह द्वारा किया जाता है। हमेशा की तरह बच्चे भोजन करने बैठे थे, तभी एक छात्रा की थाली में परोसी गई सब्जी/दाल में इल्ली तैरती हुई दिखाई दी। छात्रा ने तुरंत इसकी जानकारी शिक्षकों को दी, जिसके बाद बात पूरे गांव में फैल गई।

मौके पर एकत्र हुए ग्रामीणों ने रागिनी स्व-सहायता समूह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समूह द्वारा बच्चों को लंबे समय से घटिया और अमानक स्तर का भोजन परोसा जा रहा है। खाना पकाने में स्वच्छता का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जाता। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस संबंध में कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों से लिखित व मौखिक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं। किसी भी अधिकारी ने समय रहते समूह पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण आज बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने की हिम्मत समूह की बढ़ गई है।

> आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि रागिनी स्व-सहायता समूह का ठेका तुरंत निरस्त नहीं किया गया और दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो वे स्कूल में तालाबंदी कर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। घटना के बाद से ही क्षेत्र के अभिभावक अपने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं।

# छपारा मोक्षधाम की दुर्दशा का जिम्मेदार कौन..?

### लाखों खर्च के बाद भी मोक्षधाम बदतर से बदतर हालत







**छपारा नवभारत।** नगर परिषद छपारा के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की बानगी मोक्षधाम में जाकर देखी जा सकती है। नवगठित नगर परिषद के 5 वर्ष बीत चुके हैं जिसमें 4 वर्ष जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इन 4 वर्षों में मोक्षधाम, कायाकल्प निर्माण के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। लेकिन मोक्षधाम की हालत ऐसी है कि वहां खड़े होना भी मुश्किल है। ठीन शेड और गद्ढ लगाने के नाम पर परिषद ने भारी भरकम खर्च कर चुकी है लेकिन आज भी कार्य अधूरा है। परिषद के जिम्मेदारों ने मोक्ष धाम के सौंदर्यीकरण, निर्माण में भी भ्रष्टाचार करने से पीछे नहीं छोड़ा। यह बात मोक्षधाम स्थल में जाकर समझा और देखा जा सकता है।

छपारा मोक्षधाम की वर्तमान हालत यह है कि कचरा और गंदगी मनमानी तरीके से फैली हुई है। गंदगी और कचरा के चलते छापारा वासियों का कहना है कि इससे अच्छी तो ग्राम पंचायत थी। वर्तमान समय में गाजर, घास और कचरा पटा पड़ा है। कोई भी अधिकारी व जनप्रतिनिधियों को इस बात की शुध नहीं है। छपारावासियों ने नगर परिषद में बैठे अधिकारी को गैर जिम्मेदार बताया है। और उन्हें कहा है कि इन्होंने केवल भ्रष्टाचार करने में ही अपना पूरा 4 साल व्यतीत कर दिया।

## क्षेत्र में वैभव और सुख-शांति के लिए छपारा नगर से रजनीश सिंह ने निकाली विशाल कांवड़ यात्रा

**छपारा नवभारत।** सावन मास के चौथे व अन्तिम सोमवार 24 अगस्त को सुबह लगभग साढ़े दस बजे नगर के बैनगंगा नदी तट स्थित प्राचीन सिद्ध बाबा घाट से विधि पूर्वक पूजन कर कांवड़ में जल भरकर नगर एवं क्षेत्र वासियों के साथ क्षेत्रीय केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने सपरिवार कांवड़ यात्रा शुरू कि, इस यात्रा में धूमधाम से सजीव झांकियां भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही, कावंड़ियों के साथ कांवड़ लेकर चल रहे विधायक सहित उनके परिवार का छपारा नगर सहित दिघोरी धाम पहुंच मार्ग पर जगह- जगह फल, पेयजल एवं तिलक, श्रीफल सहित शाल



ओढ़ाकर स्वागत किया गया, छपारा नगर के सोनी वार्ड, झंडा चौक, श्री राम मंदिर, लोधी वार्ड, शंकर मढिया एवं बस स्टैंड सहित नगर के ब्राह्मण समाज, अग्रवाल समाज, जैन समाज सहित अन्य समाजिक जनों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। उक्त यात्रा में बम-बम भोले, हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के नारों से सारा नगर गुंजायमान हो उठा नगर से लगभग 27 किलोमीटर दूर बंडोल क्षेत्र के ग्राम दिघौरी स्थित स्फटिक शिवलिंग गुरु रत्नेश्वर धाम मंदिर के लिए रवाना हुई इस कांवड़ यात्रा में क्षेत्र वासियों ने बडी संख्या में लोगों का स्वागत किया साथ ही मार्ग में पड़ने वाले ग्रामों पर पेयजल एवं स्वल्पाहारों से कांवड़ यात्रीयो का स्वागत किया गया वहीं यह यात्रा शाम को दिघौरी मंदिर पहुंची जहां पर पूजा अर्चना कर गुरु रत्नेश्वर धाम के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया साथ ही जिले सहित क्षेत्र में वैभव और सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना भगवान भोलेनाथ से की गई।

### एक नजर में

#### छपारा में सात दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ समापन



**छपारा।** प्रथम चरण में जहां केवलारी में विगत दिनों कुल 135 आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया गया वहीं 18 अगस्त से 24 अगस्त तक कार्यशाला आयोजित द्वितीय चरण में तहसील छपारा में 60 आपदा मित्रों का चयन कर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ 24 अगस्त दिन सोमवार को नगर के जनपद पंचायत कार्यालय स्थित सभागार में समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सिवनी होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट एस आर आज़मी, जनपद पंचायत छपारा सीईओ रविन्द्र मीणा, धनेन्द्र अंगारे प्लाटून कमांडर, आनंद कौशल एएसआई द्वारा कार्यशाला में प्रशिक्षण प्रदान करने को लेकर मुख्य अतिथियों को अवगत कराया गया। अंतिम दिवस पर सभी 60 आपदा मित्रों को प्रमाण पत्र, लाइफ जैकेट सहित आपदाओं के समय जरुरी आवश्यक चीजों से भरी कीट प्रदान करते हुए डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट एस आर आज़मी ने अपने संबोधन में सभी आपदा मित्रों को अपने क्षेत्र में हुई आपदाओं एवं दुर्घटनाओं में मौके पर पहुंच राहत पहुंचाने और जितना हो सके कैजुअल्टी रोकने का प्रयास किए जाने को कहा गया वहीं सभी आपदा मित्रों द्वारा प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे अधिकारियों का आभार एवं अपने क्षेत्र में घटित हुई आपदाओं में अपना भरसक सहयोग प्रदान किए जाने की बात कही गई।

## कराटे चैंपियनशिप में बरघाट की टीम ने जीते 14 पदक

**बरघाट।** जिला कराटे संघ के तत्वावधान में आयोजित जिला कराटे चैंपियनशिप 2026 का आयोजन शिहान ओंकार कश्यप के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में बरघाट की शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए काता एवं कुमिते स्पर्धाओं में कुल 14 पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता में भाव्य मर्सकोले ने काता एवं कुमिते दोनों में स्वर्ण पदक, दक्षित चौहान ने काता एवं कुमिते दोनों में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पूर्वांश मार्कम एवं उत्कर्ष ठाकुर ने काता और कुमिते दोनों में रजत पदक हासिल किए। एशम खान ने काता एवं कुमिते दोनों में कांस्य पदक प्राप्त किए। पाखी अवधिया ने काता में रजत एवं कुमिते में कांस्य पदक, जबकि पूनम चौधरी ने काता एवं कुमिते दोनों में कांस्य पदक प्राप्त किए। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर के संचालक एवं प्रशिक्षक सेंसेई संस्कार पटले ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित



**केवलारी नवभारत।** आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से बीआरसी भवन केवलारी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम सुश्री रेखा देशमुख के मुख्य आतिथ्य में अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों ने आगामी पर्वों की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में 26 अगस्त को मिलादुन्नबी, 28 अगस्त को रक्षाबंधन तथा 29 अगस्त को भुजलिया पर्व को आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जाने पर विचार-विमर्श किया गया।

रहमानी मस्जिद कमेटी केवलारी के अध्यक्ष आविद खान एवं पत्रकार रफीक खान ने मिलादुन्नबी के जलसा कार्यक्रम तथा जुलूस के रूट चार्ट की जानकारी देते हुए आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

एसडीएम सुश्री रेखा देशमुख ने कहा कि मिलादुन्नबी, रक्षाबंधन, भुजलिया एवं जन्माष्टमी सहित सभी पर्वों को मिल-जुलकर मनाया जाए। उन्होंने साउंड सिस्टम के निर्धारित नियमों का पालन करने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्टों की सतत निगरानी रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में वैमनस्य फैलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने विद्युत विभाग एवं नगर परिषद के अधिकारियों को त्यौहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा नगर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मंचासीन नगर परिषद उपाध्यक्ष शिव चौधरी, एसडीओपी आशीष भराड़े, नायब तहसीलदार कुंवर लाल राऊत, नगर निरीक्षक पीतम सिंह तिलगाम एवं सीएमओ चंद्र किशोर भवरे सहित अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

इस अवसर पर रमाशंकर महोबिया, रफीक खान, सुधीर पाण्डेय, राकेश आत्मपूज्य, प्रवीण दुबे सहित पत्रकारगण, पवन यादव अधिवक्ता, अनुप बघेल मंडल अध्यक्ष, सचिन अवधिया पूर्व मंडल अध्यक्ष, अरुण चोरसिया पूर्व अध्यक्ष जल उपभोक्ता संस्था, रफीक सरकार, असलम खान, आविद खान सदर, जिब्राईल कुरैशी, राजा उस्मानी, सफी कुरैशी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पुलिस विभाग से देवी सिंह रघुवंशी प्रधान आरक्षक, दुर्गेश पटेल आरक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं कर्मचारी भी बैठक में मौजूद रहे।

## 10 करोड़ नशामुक्ति अभियान के तहत 5028 विद्यार्थियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

**कांहीवाड़ा नवभारत।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, कांहीवाड़ा सेवा केंद्र द्वारा 10 करोड़ नशामुक्ति अभियान के तहत नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 5028 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशे से दूर रहने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में कांहीवाड़ा सेवा केंद्र संचालीका बी.के. मोनिका दीदी ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशामुक्त जीवन का महत्व बताया। वहींबी.के. संगीता दीदी ने सभी विद्यार्थियों को नशामुक्ति की प्रतिज्ञा करवाते हुए स्वस्थ एवं संस्कारवान जीवन जीने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय के 522 विद्यार्थी, सेंट मेरी स्कूल के 522 विद्यार्थी,



मदरसा मोहम्मदिया कांहीवाड़ा 180 ,मेहरा पिपरिया के लगभग 300 विद्यार्थी सहित हिनोतिया स्कूल एवं जूर्तरा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। सभी विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों ने नशामुक्ति अभियान की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ, सकारात्मक एवं संस्कारयुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना रहा।

## जिला स्तरीय कराते चैंपियनशिप संपन्न

**सिवनी नवभारत।** जिला कराते संघ सिवनी एवं टी.एस. शोतोकान काराते डू एसोसिएशन मध्य प्रदेश के तत्वदान में 23 अगस्त 2026 को स्थानीय माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल बारापत्थर सिवनी में जिला स्तरीय कराते चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है जिसमें पूरे जिले से कराते खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें 150 छात्र/छात्राओं ने काता एवं कुमिते विद्या में बढ़ चढ़कर भाग लिया और मेडल प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि अंकित मालू डायरेक्टर माउंट लिटेरा स्कूल सिवनी का खिलाड़ियों ने फूल माले से भव्य स्वागत किया मुख्य अतिथि द्वारा सभी खिलाड़ियों को मेडल ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। जिला कराते संघ सिवनी के सचिव शिहांन ओमकार कश्यप,



सेंसेई राधिका कश्यप, अयान खान, अज्जू कश्यप, शिवकुमार भोरगढ़े, कबीर यादव, साक्षी यादव, नेपाल सिंह राजपूत, निशा अहिरवार, निधि अहिरवार, मधुमाला उइके, संस्कार पटले, सीता मसराम, साक्षी सराठे, शेयरीन सूरज, गौरवी आर्य, प्रिया कश्यप, दिव्या वंशकार रेफरी एवं कोच के माध्यम से कार्यक्रम बहुत अच्छे रूप से व्यवस्थित संपन्न हुआ जिला कराते संघ सिवनी एवं अभिभावकों ने इस कार्यक्रम की सफलता एवं खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

# धनौरा में मंदिरों को भी नहीं छोड़ रहे चोर, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

### राम मंदिर, पिपरिया भासुड़ा के दुर्गा मंदिर सहित अन्य स्थान पर चोरी की वारदात

**धनोरा नवभारत।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा को लेकर लगातार दावे किए जाते हैं, लेकिन सिवनी जिले के धनोरा विकासखंड में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाएं इन दावों पर सवाल खड़े करती नजर आ रही हैं। खासकर धार्मिक स्थलों में बार-बार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ रही है।

धनोरा मुख्यालय स्थित बस स्टैंड मोहल्ले के राम मंदिर में विगत रात्रि चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। प्रारंभिक जानकारी



के अनुसार मंदिर में विराजमान दुर्गा प्रतिमा की चांदी की आंखें तथा दानपेटी में रखी राशि चोरी किए जाने की बात सामने आई है। इसके साथ ही धनोरा विकासखंड के ग्राम पिपरिया भासुड़ा स्थित दुर्गा मंदिर सहित एक अन्य स्थान पर भी चोरी की वारदात सामने आई है। पिपरिया भासुड़ा मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा घटना की जानकारी थाना धनोरा में दी गई है।



बताया गया कि सुबह मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं को चोरी की जानकारी मिली, जिसके बाद मंदिर समिति के सदस्यों को इसकी सूचना दी गई। लगातार एक से अधिक स्थानों पर चोरी की घटनाएं सामने आने के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार धनोरा मुख्यालय में चोरी की घटनाएं कोई नई बात नहीं हैं। बीते करीब एक दशक के दौरान जैन मंदिर में दो बार, राम मंदिर में दो बार तथा अलग-अलग दुकानों में भी चोरी की घटनाएं सामने आने की बात कही जा रही है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इस अवधि में करीब 10 से 12 दुकानों के ताले भी टूट चुके हैं। लगातार चोरी की घटनाओं के बावजूद यदि धार्मिक स्थलों और बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभावी कदम नहीं उठाए जाते हैं तो पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। लोगों का कहना है कि पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं से सबक लेते हुए संवेदनशील स्थानों पर रात्रि गश्त और निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मंदिरों जैसे सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, तो आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की रात्रिकालीन गश्त और निगरानी व्यवस्था कितनी प्रभावी है, यह बड़ा सवाल है।

> **बार-बार चोरी, फिर भी चोर पुलिस की पकड़ से बाहर**
> राम मंदिर, पिपरिया भासुड़ा के दुर्गा मंदिर सहित अन्य स्थानों पर हुई ताजा चोरी की घटनाओं में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक चोरों का पता नहीं चल सका है। लगातार धार्मिक स्थलों को निशाना बनाए जाने से स्थानीय नागरिकों में आक्रोश के साथ भय का माहौल भी देखा जा रहा है।

**लापरवाही** ▶ जनसुनवाई में पहुंचा मामला, बिजली कंपनी व ठेकेदार को भुगतान के बावजूद उपभोक्ता परेशान

# 11 माह बाद भी नहीं लगा ट्रांसफार्मर, दबंगों ने दो बार तोड़े बिजली के पोल

**सिवनी नवभारत।** आम आदमी को शासन की योजनाओं का लाभ किस तरह समय पर नहीं मिल पाता, इसका एक मामला सिवनी शहर से लगे सिमरिया गांव का सामने आया है। यहां एक उपभोक्ता द्वारा घरेलू एवं कृषि उपयोग के लिए ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए आवेदन किए करीब 11 माह बीत चुके हैं, लेकिन अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बिजली कंपनी एवं ठेकेदार को निर्धारित राशि का भुगतान किए जाने के बावजूद समस्या का निराकरण नहीं हो सका है।जानकारी के अनुसार आवेदक सुमित शर्मा ने पिछले वर्ष सितंबर माह में 10 किलोवाट का ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए आवेदन किया था। आवेदन के एवज में बिजली कंपनी को करीब 75 हजार रुपए तथा ठेकेदार को करीब 3 लाख रुपए का भुगतान किए जाने की बात सामने आई है। इसके बाद ट्रांसफार्मर लगाने के लिए पोल खड़े किए गए, लेकिन गांव के कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा दो बार पोल तोड़ दिए गए।आवेदक का कहना है कि पहली बार खेत के नाम पर लाइन खींचने का विरोध किया गया और पोल तोड़ दिए गए। इसके बाद दूसरी बार भी इसी तरह की बाधा उत्पन्न कर पोल तोड़ दिए गए। शिकायतकर्ता द्वारा मामले की जानकारी कोतवाली थाना पुलिस को भी दी गई, लेकिन उसके अनुसार अब तक आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि ट्रांसफार्मर के लिए आवेदन किए करीब 11 माह का समय बीत चुका है। इसके बावजूद बिजली आपूर्ति की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। संबंधित विभाग एवं ठेकेदार को भुगतान किए जाने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं लग पाने से आवेदक परेशान है। उसका कहना है कि शासन की योजना के



तहत आवेदन करने के बाद भी उसे योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आवेदक ने जनसुनवाई में शिकायत प्रस्तुत करते हुए ट्रांसफार्मर लगवाने और पोल तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही बिजली कंपनी से जमा की गई राशि एवं अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी भी मांगी गई है। अब देखना होगा कि करीब 11 माह से लंबित इस मामले में विभाग कब तक कार्रवाई कर उपभोक्ता को राहत देता है।

ट्रांसफार्मर लगाने के मामले में दो बार बिजली के पोल तोड़े



जाने की घटना के बाद अब पुलिस की कार्रवाई को लेकर भी शहर में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। शिकायतकर्ता द्वारा कोतवाली थाने में शिकायत दिए जाने के बावजूद मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय लोगों के बीच इस बात की चर्चा है कि आखिर बार-बार पोल तोड़े जाने के बावजूद जिम्मेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो सकी।शिकायतकर्ता का आरोप है कि मामले की जानकारी पुलिस को दिए जाने के बाद भी अब तक दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। वहीं दूसरी ओर करीब 11 माह से ट्रांसफार्मर का मामला लंबित होने के कारण आवेदक को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ऐसे में पुलिस की कार्रवाई और पूरे मामले की जांच को लेकर शहर में चर्चाओं का दौर जारी है। हालांकि पुलिस की ओर से इस मामले में क्या कार्रवाई की गई है, इसकी आधिकारिक स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही तस्वीर साफ हो सकेगी।

> **असामाजिक तत्वों ने तोड़े पोल**
> शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि सर्वे के आधार पर लाइन डालने की कवायद शुरू की गई थी, लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा पोल तोड़ दिए जाने के कारण ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य पूरा नहीं हो सका। आवेदक का आरोप है कि संबंधित विभाग को पूरी जानकारी होने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं कराया जा रहा है।

# श्री राम मंदिर से आज निकली भगवान महाकाल की पालकी यात्रा

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 24 अगस्त, शहर के हृदय स्थल छोटी बाजार स्थित श्री सत्यधर्म मंडल द्वारा संचालित श्री राम मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रावण मास के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आज भव्य एवं दिव्य पालकी शोभायात्रा का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ।**

इस भव्य शोभायात्रा में बाजे, ढोल-ताशे और डीजे की सुमधुर ध्वनि के साथ भगवान महाकालेश्वर, त्र्यंबकेश्वर एवं नेपाल के भगवान पशुपतिनाथ जी की अलौकिक व दिव्य झांकियां भक्तों के दर्शनार्थ शामिल रहीं। सत्यधर्म मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री मुकुल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत कई वर्षों से अनवरत चली आ रही इस परंपरा का निर्वाह मंडल द्वारा लगातार किया जा रहा है। इस वर्ष शोभायात्रा में भगवान की भव्य पालकी के साथ-साथ श्री गसु उस्ताद बड़ी माता व्यायामशाला के



कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित नवशिक्षित बालक-बालिकाओं का साहसिक एवं अनुशासित शस्त्र प्रदर्शन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। ट्रस्ट के सचिव सतीश दुबे (लाल जी) ने बताया कि यह शोभायात्रा आज दोपहर 2 बजे श्री राम मंदिर, छोटी बाजार से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए छोटा तालाब पहुंची, जहां इसका विधि-विधान से समापन हुआ। समापन स्थल छोटा तालाब पर श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद एवं पवित्र रुद्राक्ष वितरण की विशेष व्यवस्था की गई। काशी से शिक्षित प्रसिद्ध वेदाचार्य पं. नंदकिशोर शास्त्री जी के मुख्य आचार्यत्व में संपन्न अनुष्ठानों की श्रृंखला में आयोजित इस यात्रा को सफल बनाने में संपूर्ण समिति का विशेष योगदान रहा। श्री सत्यधर्म मंडल श्री राम मंदिर ट्रस्ट ने इस भव्य एवं दिव्य पालकी यात्रा में सम्मिलित होकर भगवान शिव का आशीर्वाद और पुण्य लाभ अर्जित करने वाले समस्त नगरवासियों, माताओं-बहनों और धर्मप्रेमी बंधुओं का आभार व्यक्त किया।